दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 202 मुरादाबाद 19 November 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## डिंपल के लिए अखिलेश यादव ने शुरू किया प्रचार, करहल में बोले- यह सपा की प्रतिष्ठा का चुनाव




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील की। मैनपुरी लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए अखिलेश यादव ने प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव प्रचार की शुरुआत अपने विधानसभा क्षेत्र करहल से की। अखिलेश यादव पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ शुक्रवार को करहल के दिहुली पहुंचे। उन्होंने चौधरी नत्थू सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंच पर उनके साथ सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य समेत कई नेता मौजूद रहे।

### मैनपुरी उपचुनाव पर देश की नजर

अखिलेश यादव ने कहा कि कई बार यहां कठिन परिस्थितियों में चुनाव हुए हैं। यह पहला ऐसा चुनाव है, जब नेताजी (मुलायम सिंह यादव) हमारे बीच नहीं हैं। मैनपुरी उपचुनाव पर पूरे देश की नजर है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव नेताजी को श्रद्धांजलि देने का चुनाव है। यह सपा की प्रतिष्ठा का चुनाव है। उन्होंने मैनपुरी उपचुनाव में सपा की जीत का दावा किया। कहा कि अब तक चाचा (शिवपाल सिंह यादव) से भी साथ आ गए हैं।

### आजमगढ़ तो हम धोखे से हार गए- अखिलेश

सपा मुखिया ने कहा कि जो लोग कहते हैं अभी आजमगढ़ हराया मैनपुरी भी हरा देंगे। उन लोगों को कहना चाहता हूं कि आजमगढ़ तो हम धोखे में हार गए। यह मैनपुरी है। यहां की जनता कभी भी समाजवादी पार्टी को हारने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि यहां पर नेताजी का सीधा-सीधा संबंध रहा है। लोगों से जुड़े रहे हैं। नेताजी का मैनपुरी से वर्षों को रिश्ता है। मैनपुरी के लोगों ने नेताजी को नेताजी बनाया है। यह आप लोगों को चुनाव है। अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव में हम जीत ही रहे हैं, विधानसभा चुनाव में जिन बूथों पर कुछ वोटों से हमारी हार हुई थी। सभी कार्यकर्ता मिलकर उन ग्राम पंचायतों में जाएं और वहां के लोगों को हाथ जोड़कर निवेदन करें। उन्हें मनाएंगे तो वह मान जाएंगे। वो लोग भी हमारे साथ आ जाएंगे। हमारी लड़ाई भाजपा से नहीं है, हमारी लड़ाई सिर्फ करहल विधानसभा और जसवंत नगर विधानसभा से है। किस-किस विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को ज्यादा मतों से जीत दर्ज कराएंगे।

### स्वामी प्रसाद ने भाजपा पर साधा निशाना

अखिलेश यादव से पहले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारी संपत्ति योगी और मोदी की संपत्ति नहीं है। भाजपा सरकार ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह कार्य कर रही है। ईस्ट इंडिया कंपनी भारत से खजाना लूट कर इंग्लैंड भेज रही थी। उसी तरह योगी और मोदी देश की संपत्ति को अदाणी, अंबानी के हाथों में दे रहे हैं।

## डाटा चोरी करने वालों की खैर नहीं, अब लग सकता है 500 करोड़ रुपये तक का जुर्माना




केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जारी डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2022 के मसौदे के तहत प्रस्तावित प्रावधानों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की राशि 500 करोड़ रुपये तक बढ़ा दी है। 2019 में ड्राफ्ट पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल में 15 करोड़ रुपये या किसी इकाई के वैश्विक कारोबार का 4 प्रतिशत जुर्माना लगाने का प्रस्ताव है। मसौदे में भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो बिल के प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगा। 500 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगा जुर्माना

### 500 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगा जुर्माना

मसौदे में कहा गया है, यदि बोर्ड जांच के निष्कर्ष पर यह निर्धारित करता है कि किसी व्यक्ति द्वारा गैर-अनुपालन महत्वपूर्ण है, तो वह व्यक्ति को सुनवाई का उचित अवसर देने के बाद, अनुसूची 1 में निर्दिष्ट ऐसा वित्तीय दंड लगा सकता है, जो प्रत्येक मामले में पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगा।

ग्रेडेड पेनल्टी सिस्टम का प्रस्ताव

मसौदे में डेटा फिड्यूशरी के लिए एक ग्रेडेड पेनल्टी सिस्टम का प्रस्ताव किया गया है जो केवल अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार डेटा मालिकों के व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करेगा। दंड का एक ही सेट डेटा प्रोसेसर पर लागू होगा - जो एक ऐसी इकाई होगी जो डेटा फिड्यूशरी की ओर से डेटा संसाधित करेगी।

### 17 दिसंबर तक मसौदा पर कर सकते हैं टिप्पणी

मसौदे में 250 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रस्ताव है, अगर डेटा फ़िड्यूशरी या डेटा प्रोसेसर अपने कब्जे में या उसके नियंत्रण में व्यक्तिगत डेटा उल्लंघनों के खिलाफ सुरक्षा करने में विफल रहता है। मसौदा 17 दिसंबर तक सार्वजनिक टिप्पणी के लिए खुला है।

## जबरन धर्मांतरण पर सीएम धामी का बयान, कहा- देवभूमि में यह गंभीर मामला, सख्त कानून लाने का फैसला



मंत्रिमंडल में सरकार ने उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी है। सीएम धामी ने कहा कि सत्ता में आने के बाद सबसे पहले समान नागरिक संहिता के लिए समिति का गठन किया। समिति सभी वर्गों से सुझाव लेकर प्रस्ताव तैयार कर रही है। सीएम ने कहा कि धर्मांतरण एक बड़ी समस्या है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जबरन धर्मांतरण एक बड़ी समस्या है। देवभूमि में धर्मांतरण रोकने के लिए सरकार ने सख्त कानून लाने का फैसला लिया है। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड की जनता के सामने हमने यह बात रखी थी, कि हम राज्य के अंदर सभी के लिए समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। प्रदेश की जनता ने इस पर अपना बहुमत दिया। सत्ता में आने के बाद सबसे पहले समान नागरिक संहिता के लिए समिति का गठन किया। समिति सभी वर्गों से सुझाव लेकर प्रस्ताव तैयार कर रही है। सीएम ने कहा कि धर्मांतरण एक बड़ी समस्या है। देवभूमि में जबरन धर्मांतरण एक गंभीर मामला है, जो नहीं होना चाहिए। इसके लिए सरकार ने सख्त कानून लाने का फैसला लिया है। बता दें कि मंत्रिमंडल में सरकार ने उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी है, जिसमें जबरन धर्मांतरण के लिए 10 साल तक सजा का प्रावधान किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति जबरन धर्मांतरण की शिकायत दर्ज कर सकता है।

# परीक्षेत्र स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में डॉक्टर भंवर सिंह पोर्ते शासकीय महाविद्यालय पेंड्रा की टीम का रहा दबदबा



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- डॉक्टर भंवर सिंह पोर्ते शासकीय महाविद्यालय पेंड्रा की मेजबानी में परीक्षेत्र स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता डॉक्टर भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय के प्रांगण में दिनांक 17 नवंबर 2022 को आयोजित हुआ कुल 18 महाविद्यालय ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम सेमीफाइनल का मुकाबला शासकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय पेंड्रा एवं वीरांगना शासकीय महाविद्यालय मरवाही के बीच खेला गया जिसमें शासकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय पेंड्रा की टीम ने 34 -8 के मुकाबले विजेता होकर फाइनल में प्रवेश किया उसी प्रकार द्वितीय सेमीफाइनल का मुकाबला मस्तूरी वर्सेस डॉक्टर भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय पेंड्रा के बीच खेला गया जिसमें 21 -4 के मुकाबले पेंड्रा विजेता होकर फाइनल में प्रवेश किया जिस प्रकार फाइनल का मुकाबला शासकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय पेंड्रा और डॉक्टर भंवर सिंह पोर्ते शासकीय महाविद्यालय पेंड्रा के मध्य खेला गया जिसमें डॉक्टर भंवर सिंह पोर्ते शासकीय महाविद्यालय पेंड्रा की टीम से सरिता का रेड पुष्पा और शशि कला डिफेंस में शानदार प्रदर्शन किया संस्था के प्राचार्य डॉ आर आर राजपूत ने खिलाड़ियों को विजेता होने पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एवं अंत में आयोजन सचिव क्रीड़ा अधिकारी श्री सीएस साहू ने आभार प्रदर्शन किया इस मौके पर क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर संतोष बाजपाई डॉक्टर प्रमोद तिवारी डॉ सुरेश पवार डॉक्टर अजय सिंह डॉक्टर बसंत अंचल डॉ मुकेश घोरे डॉ सुषमा कुमार राजेश सिंह सीपी सिंह निर्णायक मुकेश कुमार कश्यप बलराम ध्रुव सूर्यवंशी जी सुमन खुराना कृष्णा पैकरा सुमन टिकेश्वर और महा विद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विभिन्न महाविद्यालय से आए क्रीड़ा अधिकारी एवं क्रीड़ा प्रभारी उपस्थित थे

# नल जल योजना के संचालन हेतु प्लम्बरों, इलेक्ट्रिशियनों एवं हेल्परों दिया गया प्रशिक्षण




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के लिए 9 ग्राम पंचायतों के प्लम्बरों, इलेक्ट्रिशियनों एवं हेल्परों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत (डीआरडीए) के सभाकक्ष के गुरुवार को आयोजित प्रशिक्षण में ग्राम धनगवां, तराईगांव, गोरखपुर, ललाती, गांधीपुर, लालपुर, भदौरा, चुकतीपानी एवं नेवसा से कुल 30 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स श्री मंगल एवं श्री आई एस मार्को द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक अभियंता पीएचईडी श्री दिनेश सिंह एवं समन्वयक उपस्थित थे। प्रशिक्षण उपरांत उन्हे सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए।

# रंजिश में युवक की पिटाई कर किया घायल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती पुस्तैनी ज़मीन के बंटवारे पर चार लोगों ने युवक की पिटाई कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया। थाना मल्हीपुर के गडरियनपुरवा निवासी मिश्रीलाल पुत्र सुक्खा ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि पुस्तैनी ज़मीन के विवाद में मनोज कुमार, त्रिभवन प्रसाद पुत्रगण जगदेव, रेखा देवी पत्नी मनोज कुमार व जगदेव की पत्नी आपस में गाली गलौज कर रहे थे। उसके द्वारा मना करने पर सभी ने मिश्रीलाल की लाठी डण्डे से बुरी तरह पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# खुद को पुलिसकर्मी बताकर टप्पेबाजों ने बुजुर्ग की उतरवाई अंगूठी, निरंतर बढ़ रहीं घटनाएं

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- सिविल लाइन थाना क्षेत्र में डीएम आवास के सामने टप्पेबाजों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर बुजुर्ग की दो अंगूठी व पांच हजार रुपये ले लिए। उन्हें बुजुर्ग के ही बैग में रखने का दिखावा किया और बातों में उलझाकर फरार हो गए अलीगढ़। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में डीएम आवास के सामने टप्पेबाजों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर बुजुर्ग की दो अंगूठी व पांच हजार रुपये ले लिए। उन्हें बुजुर्ग के ही बैग में रखने का दिखावा किया और बातों में उलझाकर फरार हो गए। बुजुर्ग ने बैग देखा तो ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## रिक्शे वाले को भी पीटा

विष्णुपुरी निवासी 72 वर्षीय डा. क्षेत्रपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें कहा है कि दोपहर को वह रिक्शे में सवार होकर बिजली का बिल जमा करने के लिए नगर निगम जा रहे थे। तभी डीएम आवास के सामने पीछे से बाइक सवार दो युवक आए। आरोपितों ने खुद को पुलिस (विजिलेंस) से बताया और बोले कि यहां पर घटनाएं हो जाती हैं। आप अपना सामान चेक कराएं। उन्होंने बुजुर्ग की दाहिने हाथ में पहनी दो अंगूठी उतरवा ली और पैंट में रखे पांच हजार रुपये ले लिए।सामान व रुपयों को छोटे बैग में रखने का दिखावा किया और बोले कि अब आपका सामान सुरक्षित है। इसके बाद रिक्शे वाले को पीटा और फरार हो गए। बुजुर्ग ने बैग देखा तो उसमें कुछ नहीं था। इंस्पेक्टर सिविल लाइन प्रवेश राणा ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की तलाश में सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

# 240 शीशी अवैध कच्ची शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई साथ ही अवैध मादक पदार्थो के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल कुमार चौबे* के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के नेतृत्व में नेपाल ककरदरी घाट से अभियुक्त रामजी बढ़ाई पुत्र छोटेलाल नि0 बांसगड़ी दाखिला फतेहपुर बन गई जनपद श्रावस्ती को एक सफेद बोरी में 240 शीशी सफी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया जिनके द्वारा दाखिल किए गए फर्द के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की गई।

# दो दुकानों से लाखों की चोरी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती सोनवा थाना क्षेत्र के भिठिया चिचड़ी वा मनिहार तारा स्थित दुकान का कुंडा काट चोर लाखों रुपए का माल पार कर ले गए इसी रात एक घर में चोरी करने घुसे चोर को बैरंग लौटना पड़ा पुलिस मामले की जांच कर रही है सोनवा थाना क्षेत्र के भिठिया चिचड़ी निवासी यासीन पुत्र मजीद खान चौराहे पर कपड़े की दुकान करता है प्रतिदिन की भांति शाम को वह दुकान बंद कर घर चला गया था सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान का शटर का कुंडा टूटा हुआ था अंदर जाकर देखने पर दुकान में रखा ?130000 रूपये नगदी 15पीस जैकेट 15 जींस पैंट 20पीस पीस जींस टॉप 12 जोड़ी जूता नदारद थे इसी रात चोरों ने थाना क्षेत्र के मनिहार तारा निवासी संदीप वर्मा पुत्र रामफल के चंद्रखा बुजुर्ग के मजरा महत्व पुरवा गांव के पास बहराइच जमुनहा मार्ग स्थित खाद बीज की दुकान का कुंडा तोड़ दिया जहां से चोर 3 बोरी गेहूं बीज 5 बाल्टी जिंक स्टॉक रजिस्टर वा डायरी सहित अन्य सामान पार कर ले गए` मकान के मुख्य द्वार का ताला तोड़ दिया इसी दौरान घर में घुसे चोर भूसा देख लौट गए इन घटनाओं की सूचना पीड़ितों की ओर से सोनवा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही

# अब मुझे मत ढूंढो मैं अपने प्रेमी के साथ हूं

## प्रेमी के साथ प्रेमिका फरार, थाने में दी तहरीर

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- मडराक- थाना क्षेत्र के एक गांव से रात प्रेमी के साथ उसकी प्रेमिका फरार हो गई प्रेमिका के स्वजनों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला मडराक थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा हुआ है। बताते हैं कि गांव में प्रेमी व प्रेमिका में पिछले कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। पिछले दिनों युवती के प्रेम की जानकारी उसके स्वजनों को हुई तो उन्होंने युवती को पढ़ने से मना कर दिया इस दौरान युवती को पढ़ने नहीं जाने दिया और उससे मोबाइल फोन छीन लिया गया। युवती शौच करने का बहना बनाकर अपने सात वर्षीय बहन को साथ ले गई। कुछ देर बाद युवती नहीं लौटी तो उसकी छोटी बहन घर पहुंची और स्वजनों को जानकारी दी। इस दौरान युवती के स्वजनों ने गांव में युवती को जंगली सूअर द्वारा मारने की जानकारी दी तो सैकड़ों ग्रामीण युवती को खोजने में जुट गए। लेकिन युवती देर-रात नहीं मिली तो उसके स्वजनों ने पुलिस को सूचना दी। रात करीब डेढ़ बजे युवती ने फोन कर अपने स्वजनों को बता दिया कि मैं अपने प्रेमी के साथ आ गई हूं। युवती के स्वजनों ने थाने में तहरीर दी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## अपर मुख्य सचिव ने मुरादाबाद ब्रास कलस्टर की सूक्ष्म एवं लघु इकाईयों में ऊर्जा दक्षता कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-प्रदेश के अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन/नोडल अधिकारी जनपद मुरादाबाद ने की मा0 मंत्री समूह के जनपदीय भ्रमण के उपरान्त निरीक्षण आख्या की समीक्षा बैठक डीपीआरओ स्वयं मौके पर जाकर ग्राम पंचायतों में देखे कि कितने शौचालयों की आवश्यकता है अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के निर्देश दिए समाज कल्याण अधिकारी को राजकीय स्वच्छकार आश्रम पद्धति विद्यालय में खाने की गुणवत्ता का फीडबैक लेने के लिए निर्देश आश्रम पद्धति विद्यालय में ताले वाली शिकायत पेटिका एवं छात्रावास में समाचार पत्र पत्रिकाओं की व्यवस्था के दिए निर्देश अधिकारी जनमानस में शासन की छवि धूमिल न होने देने हेतु प्रभावी कदम उठाये-अपर मुख्य सचिव अपर मुख्य सचिव ने विकास खण्ड मूढापाण्डे की पंचायत नियामतपुर इकरोटियां का किया निरीक्षण श्री सुरेश चन्द्रा अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0, शासन/नोडल अधिकारी जनपद मुरादाबाद ने आज सर्किट हाउस मुरादाबाद में मा0 मंत्री समूह के जनपदीय भ्रमण के उपरान्त निरीक्षण आख्या कार्यवाही एवं विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने मा0 मंत्री समूह के जनपदीय भ्रमण के उपरान्त दिये गये निर्देशों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जनमानस में शासन की छवि धूमिल न होने देने हेतु प्रभावी कदम उठाते हुए विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का समबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। समस्त अधिकारी जनआकांक्षाओं की पूर्ति हेतु पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करें। मा0 मुख्यमंत्री जी की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस नीति का अनुपालन करना सुनिश्चित करें तथा समस्त अधिकारी जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापरक ढंग से शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव ने समस्त कार्यदायीं संस्थाओं को अधूरे निर्माण कार्यो को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी फील्ड में जाये तो अपने विभाग के कार्यो के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्य /योजनाओं में भी रुचि लें तथा सभी विभाग मिल जुलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। अपर मुख्य सचिव ने स्कूल चलों अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, ग्राम्य विकास विभाग, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री दुघर्टना बीमा, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, महिला कल्याण, दिव्यांगजन एवं सशक्तीकरण विभाग, विद्युत विभाग, उद्योग विभाग, पशुपालन, जल निगम, गन्ना, श्रम, सेवायोजन विभागों के प्रकरणों संबंध में मा0 मंत्री समूह द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए योजनाओं का ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव ने शौचालय संबंधी बिन्दु पर डीपीआरओ को ग्राम पंचायतों में स्वयं मौके पर जाकर देखने के निर्देश दिये कि कितने शौचालयों की वास्तविकता में जरुरत है। उन्होंने निर्देश दिये कि डीपीआरओ अपने सचिवों द्वारा सर्वेक्षण सुनिश्चित करायें। सब स्टेशन पर तैनात जे0ई0 की शिकायत के संबंध में अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि मा0 मंत्री समूह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में स्थानान्तरण कर दिया गया है, जिस पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि स्थानान्तरण ही काफी नही है जे0ई0 के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। वृद्धावस्था पेंशन योजना में समाज कल्याण अधिकारी के सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन जारी करने के निर्देश दिये हैं। राजकीय स्वच्छकार आश्रम पद्धति विद्यालय में समाज कल्याण अधिकारी को खाने की गुणवत्ता को परखने के साथ ही एक ताले वाली शिकायत पेटिका भी लगाने के निर्देश दिये, ताकि बच्चें शिकायत कर सके। उन्होंने कहा कि छात्रावास में छात्रों के लिए समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। अपर मुख्य सचिव ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था में बेहतर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि राजकीय विद्यालय में पुराना कान्सेप्ट लाने के हर संभव प्रयास किए जाये। अपर मुख्य सचिव ने मुरादाबाद ब्रास कलस्टर की सूक्ष्म एवं लघु इकाईयों में ऊर्जा दक्षता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कोयला आधारित भट्टियों को गैस आधारित भट्टियों में बदलना है। उन्होंने उद्योग विभाग को निर्देश दिये कि इस कार्य हेतु उद्यमियों को हर संभव सहायता प्रदान की जाये ताकि यहां भी उद्योग हित एवं पर्यावरण की सुरक्षा हेतु कोयला आधारित भट्टियों को गैस आधारित भट्टियों में बदला जाये। अपर मुख्य सचिव ने ग्राम पंचायत नियामतपुर इकरोटिया का स्थलीय निरीक्षण कर विकास योजनाओं का जायजा लिया तथा ग्रामीणो से विभिन्न योजनाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने शासकीय प्राथमिकताओं का क्रियान्वयन फील्ड में पूर्ण मेहनत, लगन एवं निष्ठा से सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग, अपर जिलाधिकारी वित्त श्री युगराज सिंह, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, परियोजना निदेशक श्री सतीश प्रसाद मिश्र, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला विकास अधिकारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक का संचालन डीएसटीओ मो0 परवेज ने किया।

## अधिवक्ता ने बिल्डर पर लगाया धोखाधड़ी करने का आरोप

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद के सिविल लाइन स्थित कलेक्ट्रेट पर पीड़ित के द्वारा पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र प्रशासनिक अधिकारियों को दिया गया है जिसमें पीड़ित के द्वारा आरोप लगाया गया है की एलए एसोसिएट लाजपत नगर 2 की एसोसिएट कंपनी के बिल्डरों द्वारा प्लाट के नाम पर धोखाधड़ी की गई है, दरअसल पीड़ित के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि पहले उससे प्लॉट देने के बदले पैसे ले लिए गए थे लेकिन अचानक उसी अकाउंट से सारे पैसे वापसी कर दिए गए और वही पीड़ित अधिवक्ता को उसका प्लॉट नहीं दिया गया ,जब पीड़ित ने पैसे वापसी देने की बात कही गई है तो बिल्डरों द्वारा अपना अकाउंट बंद कर दिया गया है, इस पूरे प्रकरण को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा कोर्ट में भी मामले की शिकायत की गई है और इंसाफ की गुहार भी लगाई गई है

## विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के निर्देश दिए

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- श्री सुरेश चन्द्रा अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0, शासन/नोडल अधिकारी जनपद मुरादाबाद ने आज सर्किट हाउस मुरादाबाद में मा0 मंत्री समूह के जनपदीय भ्रमण के उपरान्त निरीक्षण आख्या कार्यवाही एवं विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के निर्देश दिए।अपर मुख्य सचिव ने मा0 मंत्री समूह के जनपदीय भ्रमण के उपरान्त दिये गये निर्देशों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जनमानस में शासन की छवि धूमिल न होने देने हेतु प्रभावी कदम उठाते हुए विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का समबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। समस्त अधिकारी जनआकांक्षाओं की पूर्ति हेतु पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करें। मा0 मुख्यमंत्री जी की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस नीति का अनुपालन करना सुनिश्चित करें तथा समस्त अधिकारी जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापरक ढंग से शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव ने समस्त कार्यदायीं संस्थाओं को अधूरे निर्माण कार्यो को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी फील्ड में जाये तो अपने विभाग के कार्यो के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्य /योजनाओं में भी रुचि लें तथा सभी विभाग मिल जुलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।अपर मुख्य सचिव ने स्कूल चलों अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, ग्राम्य विकास विभाग, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री दुघर्टना बीमा, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, महिला कल्याण, दिव्यांगजन एवं सशक्तीकरण विभाग, विद्युत विभाग, उद्योग विभाग, पशुपालन, जल निगम, गन्ना, श्रम, सेवायोजन विभागों के प्रकरणों संबंध में मा0 मंत्री समूह द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए योजनाओं का ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

# संपादकीय Editorial

## Courtesy of Modi-Jinping

During the G-20 conference, Prime Minister Modi met the heads of state of many countries, held talks, bilateral dialogue also took place, but most of the discussions and questions are being raised on the meeting with Chinese President Xi Jinping. The meeting was only for a minute. India's Foreign Secretary Vinay Kwatra called it a 'courtesy call'. Foreign Minister S. Jaishankar was also present there at that time. Yet politics is so frustrated and dwarfed that questions are being raised as to why Prime Minister Modi did not show 'red eyes'? Why not tweet courtesy to Xi? Has Modi made any new offer to Xi? What a childish question. This Jamaat, which is strongly opposed to Prime Minister Modi, does not even understand the language and postures of diplomacy. After the wars of 1965 and 1971, the then prime ministers of India—Lal Bahadur Shastri and Indira Gandhi—had held talks with Pakistan's martial law administrator Ayub Khan and Wazir-e-Azam Zulfikar Ali Bhutto. Shimla agreement was done. This is diplomatic and international etiquette.

During the G-20, Indonesian President Joko Widodo hosted a dinner, so it was natural for top leaders of all countries to meet each other. However, the way Prime Minister Modi and President Xi Jinping met, it took just a minute to make eye contact and shake hands, so why should political interpretations be given to that too? With diplomatic etiquette, 'red eyes' cannot be shown, even if there has been a violent clash in the Galwan Valley or China has established a village on the border of Arunachal Pradesh or China has 'encroached' on thousands of square kilometers of India's land! The Congress even printed the names of 20 Indian soldiers who were martyred in the Galvan violence on Twitter. Why didn't it disclose how much donation 'Rajiv Gandhi Foundation' has received from China? What agreement did the Congress make with the Communist Party of China? Congress often speaks in an anti-national tone because this is its political frustration. Ultimately it is the job of the army to 'show red eyes' and 'cut throat'. Indian and Chinese soldiers are stationed face to face in Ladakh for a long time. There is also confrontational tension. Illegal constructions have also been done. The situation seems to be 'warlike', although the war has not yet come. Despite that, the military faces of both sides have also held mutual dialogue 19 times. The ice has also appeared to be melting, so it is foolish to adopt a dogmatic and bellicose attitude or to politicize the courtesy meeting between Modi and Xi. It is not in the interest of the country. The issue of the Russia–Ukraine war also emerged during the G-20 summit, but the organization remained divided. dha and Gandhi, and India will preside over it, the challenge before it will be to convey the message of peace, stability and development to the world instead of war. Economic crisis, recession, rising prices of food and energy, difficulties of 63 countries suffering from inflation, problems of supply of food and oil and gas and difficult goals of development are such issues, on which the responsibility of forging consensus and finding solutions is now on India. is being given. War is unacceptable in such times, it should be completely rejected. This will be possible only when the big and prosperous countries of the world are united in this perspective. This is the motto of India. The Modi-Xi etiquette should also be seen in this context.

# Tarak Mehta's 'Sonu Bhide' did such an act on the beach! Fans said, 'Bhide's girl is getting out of hand'



Palak became bold on the beach – Sonu Bhide i.e. Palak Tiwari has posted her latest pictures on Instagram. In these pictures, the beach is seen getting hot. During this, Palak is wearing a pink colored designer bralette. With this, she is wearing a multi-colored skirt below. The hair of the actress is open and she has done light makeup. Her stylish avatar is often featured on social media. She is seen posing tremendously in this swim wear. Sharing these pictures, Palak Sidhwani wrote in the caption- 'Everything is real in the world of that belief...'. Fans commented fiercely. These pictures of Palak Sidhwani have been seen many times till now. While commenting on this, users are making funny comments. Commenting on this, a user wrote, 'Bhide uncle will have to be told that his girl is getting out of hand.' At the same time, another user wrote, 'Look at the foot, which is covered... all editing and make-up work.' One wrote, 'Sonu son no fun.' At the same time, a fan has written, 'Amazing mind blowing my love.' One has written, 'You are the most beautiful woman in the world.' While another has written, 'Palak Sidhwani is very beautiful.' One has written, 'You are looking very beautiful.' TV's famous sitcom show 'Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah' has many actors whom the audience has seen growing up from small to big. At the same time, there are many who play simple characters in the show, but are quite bold in real life. One such artist is the new Sonu Bhide of the show. Actress Palak Sidhwani is playing the character of Sonu in the show. Palak is very hot and bold in real life. Along with acting, Palak is also very active on social media. She often surprises fans through her hot and bold pictures. Meanwhile, Palak has created a ruckus with her hotness.

# Nawazuddin Siddiqui will be seen in the role of transgender in Haddi

Mumbai Bollywood actor Nawazuddin Siddiqui will be seen in the character of a transgender in his upcoming film Haddi. Nawazuddin Siddiqui plays a transgender character in his upcoming film Haddi. Nawazuddin has worked with more than 80 real life transgenders in Bone. Nawazuddin Siddiqui said, "Working with real-life trans women in Huddi has been an incredible experience, an honor and a privilege to understand and learn more about the community. His presence was powerful."



Nawazuddin Siddiqui starrer Huddi will release in 2023.

# एटा पुस्तक मेला आज से राजकीय इंटर कॉलेज एटा मैदान पर आरंभ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा पुस्तक मेला प्रारंभ स्वामी विवेकानंद कल्याण समिति के तत्वाधान में आज *एटा पुस्तक मेला आज से राजकीय इंटर कॉलेज एटा मैदान पर आरंभ हो गया, पुस्तक मेले के प्रारंभ होने के अवसर पर सर्वप्रथम कलावती सरस्वती विद्या मंदिर सुनहरी नगर की छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान, एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, दून पब्लिक स्कूल एटा के छात्राओं द्वारा *घरेलू हिंसा* पर सुंदर प्रस्तुति की गई, पुस्तक मेले के प्रारंभ होने के अवसर पर द्वद्द्धद्व इंटर कॉलेज मारहरा, स्त्रह्यड्डह्य सोंगरा, ष्ड्डष् एग्रीकल्चर इंटर कॉलेज सरस्वती वरिष्ठ विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एटा, जनता इंटर कॉलेज परसोन, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एटा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालगढ़ी, वार्ष्णेय इंटर कॉलेज , राजकीय हाई स्कूल कासौन, लौग श्री पब्लिक स्कूल, पुष्पा देवी डिग्री कॉलेज,वी ए वी डिग्री कॉलेज सहित अन्य कई विद्यालय के प्रधानाचार्य, छात्र छात्रा उपस्थित रहे , आज पुस्तक मेले में आयोजित गीत एवं कविता प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं द्वारा अपनी सुंदर प्रस्तुति की गई , जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया ,जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर एटा, क्रिस्चियन एग्रीकल्चर इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज , असीसी कॉन्वेंट स्कूल, ज्ञान सरोवर कॉलेज , एटा पब्लिक इंटर कॉलेज , धुमरी पब्लिक स्कूल धुमरी,डी पी कठौली, दयानंद इंटर कालेज भरतौली, व डिग्री कॉलेजों, सीनियर सेकेंडरी स्कूल आदि विद्यालय की छात्र - छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया इस अवसर पर श्री अशरफ हुसैन पूर्व चेयरमैन नगर पालिका एटा, श्री गौतम सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि सकीट, श्री गुमान सिंह यादव पूर्व जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ ,श्री सुधीर गुप्ता, मनोज तिवारी, विजय मिश्रा , मुकेश जैन, श्रीमती




नीतू सिंह ,श्रीमती नीरजा यादव, डॉ रामनिवास यादव , बृजभूषण सिंह, क्षेत्रपाल सिंह, रामवीर सिंह, रिचा यादव, अभिलाख सिंह, शिवकुमार द्विवेदी, डा0 सीमा यादवआदि कई विधालय प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे इस अवसर पर पुष्पा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज के छात्राओं द्वारा पॉलिथीन प्रयोग को रोक के संबंध में अपना स्टॉल लगाया गया, तथा श्री के समस्त कार्यक्रमों के संचालन एवं व्यवस्था में श्री संजीव यादव संयोजक अनूप द्विवेदी सह-संयोजक ,राजीव यादव राजीव वर्मा, मनोज कोच, , ,नरेंद्र सिंह यादव, सेवाराम ,सतेंद्र विशांत कुलश्रेष्ठ प्रभात ललित नॉक्स, मनीष दुबे शिवकुमार द्विवेदी आदि द्वारा समस्त व्यवस्थाओं को समय से संपादित कराया गया पुस्तक मेले में राजकमल प्रकाशन, नितिन



राजूराम प्रधानाचार्य उल्फत राय इंटर कॉलेज एटा द्वारा भी अपनी पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई है, कार्यक्रम का संचालन श्री ज्ञानेंद्र रावत प्रख्यात पर्यावरणविद्, संजय शर्मा , किरनकांत , पदमेनदर वार्ष्णेय, शैलेंद्र गुप्ता, बृजेश कुमार, द्वारा किया गया , निर्णायक की भूमिका डा0 दिनेश शर्मा, श्री राकेश यादव, श्रीमती सीमा सोलंकी द्वारा निभाई गई पुस्तक मेले पब्लिकेशन, निखिल पब्लिकेशन ,मोहन पब्लिकेशन ,जय भीम सामग्री, गीता प्रेस गोरखपुर, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत, विश्व गायत्री परिवार ,नेशनल बुक ट्रस्ट आदि स्टॉल लगे हुए है सभी से अनुरोध है कि पुस्तक मेले का भ्रमण कर पुस्तकों को क्रय करते हुए पुस्तक मेले को सफल बनाने में सहयोग प्लान करने का कष्ट करें- निवेदक एटा पुस्तक मेला समिति

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- यूपी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन करने वाले धावक कौशलेंद्र का राजीव गांधी यूथ कंप्यूटर साक्षरता मिशन शांति नगर एटा व भाईचारा एकता समिति के संस्थापक शादाब अब्बास द्धारा माला डाल कर व मिठाई खिला कर सम्मान किया मारहरा के गांव मेहनी सोरा के धावक कौशलेंद्र ने स्टेट लेवल रेस में एक 10 हजार मीटर दूसरी 1500 मीटर तीसरी 800 मीटर की रेस में गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया है और नेशनल में अपनी जगह बनाई इस अवसर पर ओमप्रताप, अजय कुमार, आशीष कुमार, अमित कुमार यादव, आशू, दीपक, सतेंद्र, आदि लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी से एटा नगर पालिका चेयरमैन प्रत्याशी और अन्य लाइनों में नब्ज वोटरों के हाथों में

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- नगर पालिका परिषद की चुनाव को पूरे 5 साल होने जा रहे हैं। जिसकी आगे की तैयारी प्रत्याशी कर रहे हैं। कुछ हारे प्रत्याशी और कुछ नए प्रत्याशी अध्यक्ष बनने के लिए शहर में होर्डिंग लगाकर जनता को राष्ट्रीय धार्मिकपर्व, पर लुभाने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देकर इजहार कर रहे हैं। आपको अध्यक्ष पद की कुर्सी की चाह में मीठी -मीठी बातों से और दिन में सपने दिखाकर वोट लेने की जहां में लगे हैं। और एटा के विकास के लिए ऐसा शायद ऐसा कहेंगे की तारों को तोड़ कर आसमान से जमीन पर ला रहे हैं। जिसमें कुछ नेता बातों में माहिर है कुछ नेता अपने आप में शहंशाह भी हैं। इस समय भाजपा प्रत्याशी मैदान में शायद उतर चुके हैं जिनका आप होल्डिंग्स के द्वारा अनुमान लगा सकते हैं। अब यह समय बताएगा क्या उन प्रत्याशियों को टिकट कौन देगा और कौन दावेदार प्रत्याशी मैदान में उतर कर आएगा। इस बार शहर के कुछ खास लोगों का यह दावा है की नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की सीट भाजपा के खाते में जाएगी। भाजपा की दौड़ के प्रत्याशी प्रमोद गुप्ता, कंचन गुप्ता अड़ंगा ( पूर्व चेयरमैन ), राहुल गुप्ता एडवोकेट, प्रदीप गुप्ता भामाशाह, राकेश कुमार गुप्ता एडवोकेट ( आरटीओ सलाहकार ), पंकज गुप्ता एडवोकेट ( पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ), प्रशांत गुप्ता उर्फ पीजी ( दो बार के सभासद ), सुनील यादव ( तीन बार के सभासद ), जमशेद आलम ( पूर्व रजिस्ट्रार कानूनगो ), मेधाव्रत शास्त्री, राकेश गाँधी ( मौजूदा चेयरमैन के पति )यह सभी प्रत्याशी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की दौड़ में लगे हुए हैं। अब देखना है के जनता किसको नगरपालिका की अध्यक्ष पद पर बैठाती है।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
**WWW.KNLSIVE.COM**

# रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा पर इस उम्र में भी मेडिलो की वर्षात

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा को श्री पी के मंगल निदेशक परमानन्द इन्सटिटयूट आफ फायर इजीनियरिग विचपुरी रोड अंगूठी आगरा द्वारा मैडल पहनाकर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए । 31 वी उत्तर प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स




चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2022 दिनांक 12.11.22.से 13.11.22.तक डा0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम जनपद अमेठी उत्तर प्रदेश मे आयोजित हुई जिसमे रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा ने 60 + आयु वर्ग मे 800 मीटर दौड़ मे भाग लेकर सैकेंड स्थान प्राप्त करके सिल्वर मेडल व 5 किमी0 वाक रेस व 15श्रश्र मी दौड़ व शाट फुट थ्रो मे तृतीय स्थान प्राप्त करके कास्य पदक प्राप्त कर के जनपद का नाम ऊंचा किया है । जिन्हे श्री पी के मंगल निदेशक परमानन्द इन्सटिटयूट आफ फायर इजीनियरिग विचपुरी रोड अंगूठी आगरा द्वारा मैडल पहनाकर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । श्री शर्मा का चयन उत्तर प्रदेश की ओर से माह फरवरी मे होने वाली राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता कलकत्ता के लिए हुआ है । तथा श्री पी के मंगल निदेशक व स्टाफ श्री जितेन्द्र सिंह, सन्दीप श्रीवास्तव, गजेंद्र अग्रवाल, नम्रता, सौरभ व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रो द्वारा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए वधाई दी ।

दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच

प्रदेश

www.knlslive.com

19 November 2022



# चोरी की मोटर सायकल सहित 3 गिरफ्तार, चौकी मोहरसोप पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दिनांक 03.11.22 को ग्राम मोहरसोप निवासी पुष्पराज गुर्जर ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते रात्रि को घर के सामने रखे मोटर सायकल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने मोटर सायकल चोर को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में चोर की पतासाजी करने के दौरान चौकी मोहरसोप पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि चोरी के मोटर सायकल में ग्राम तेलीमुड़ा, थाना सोनहत जिला कोरिया निवासी विष्णु




साहू को घुमते हुए देखा गया है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए संदेही विष्णु साहू को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपने साथी पिन्टू व तरूण कुमार उर्फ मनीष के साथ मिलकर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की मोटर सायकल कीमत 40 हजार रूपये का बरामद किया गया। मामले में आरोपी विष्णु साहू उर्फ इल्लू साहू पिता कमला प्रसाद उम्र 27 वर्ष, पिन्टू कुमार पिता वंशरूप सूर्यवंशी उम्र 20 वर्ष व तरूण कुमार उर्फ मनीष पिता उजागीर प्रसाद उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम तेलीमुड़ा, थाना सोनहत, जिला कोरिया को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी मोहरसोप बसंत खलखो, एएसआई रंजीत सोनवानी, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, राहुल गुप्ता, आरक्षक राजेश तिवारी व कमलेश गुर्जर सक्रिय रहे।

# चांदनी पुलिस के द्वारा कन्या स्कूल बिहारपुर में छात्राओं को दी गई गुड टच बैंड टच साइबर अपराध के बारे में जानकारी




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहार पुर में कल दिनांक 17 नवंबर 2022 को शासकीय कन्या शाला बिहार पुर में संस्था की छात्राओं को को गुड टच बैड टच, साइबर अपराध, मानव तस्करी, पोक्सो एक्ट एवं अन्य महिला संबंधी विषयों पर ओड़गी अनुभाग के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राजेश जोशी, निरीक्षक थाना चांदनी जेएस कँवर एवं सहायक उपनिरीक्षक अरविंद कुमार प्रसाद द्वारा काफी विस्तार से जानकारी दी गई, संस्था की छात्राओं को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में विस्तार से बताया गया एवं लड़कियों और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध के घटित होने पर इस मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करने की समझाइश दी गई साथ ही सभी छात्राओं को उनके घरेलू नंबरों पर अभिव्यक्ति ऐप को इंस्टॉल करने एवं इसका लाभ उठाने की समझाइश दी गई,

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अरुण राठौर, विद्यालय के शिक्षक गण एवं लगभग 300 की संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं, कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य अरुण चौधरी द्वारा किया गया.

# ग्राम पंचायत बेगारीडांड प्राथमिक शाला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर -शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर एनएसएस ( राष्ट्रीय सेवा योजना ) इकाई की ओर से चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। महाविद्यालय प्राचार्य एन.के. देवांगन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सप्ताह भर चले कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एनएसएस अधिकारी आभा रंजना कुजुर ने सप्ताह भर चले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बेगारीडाड गोरेलाल गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी भूमिका होती है। छात्र जीवन वह भी एनएसएस से




जुड़े विद्यार्थियों की समाज के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही ज्यादा रहती है इसलिए इस प्रकार के शिविर अनुशासन में जीना और अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं। उन्होंने सभी से प्रकृति के साथ जुड़े रहने की आवश्यकता पर बल दिया। शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर जिला सूरजपुर मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विशेष सात दिवसीय शिविर ग्राम बेगारीडाड में आयोजित किया गया था जिसमे महाविद्यालय प्राचार्य एन के देवांगन, कार्यक्रम अधिकारी आभा रंजना कुजूर, सहायक प्राध्यापक धीरेन्द्र जायसवाल, सचिन कुमार मिंज, अखिलेश रवि, नरेन्द्र कुमार, प्रियांशु जायसवाल विधार्थी वंदना गुप्ता, मुस्कान मनहर, अनिल कुमार, सुनील , विजय, चंदा, पूजा जायसवाल, एवं अन्य उपस्थित थे

# श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के पंजीयन के लिए नियमित लगाया जा रहा शिविर




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा जिले के श्रमिकों का पंजीयन किए जाने हेतु 4-5 ग्राम पंचायतों के कलस्टर में पंजीयन शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में श्रम पदाधिकारी ने बताया की जिले के निर्माण श्रमिकों का शत प्रतिशत पंजीयन किए जाने के उद्देश्य से 4-5 ग्राम पंचायतों के कलस्टर में शिविर लगाया जा रहा है, श्रमिकों को पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं ओटीपी के लिए स्वयं का मोबाइल लाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त शिविर में पूर्व के पंजीकृत श्रमिकों के नवीनीकरण, विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के आवेदन भी किए जा रहे हैं, साथ ही विभाग द्वारा जारी श्रमेव जयते मोबाइल एप की भी जानकारी दी जा रही है। जिले में अब तक 13 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं जिसमें लगभग 605 श्रमिकों का मुख्यमंत्री निःशुल्क कार्ड योजना अंतर्गत नवीन पंजीयन किया जा चुका है तथा 116 नवीनीकरण के आवेदन प्राप्त किए गए हैं। आज के शिविर में श्रम कल्याण निरीक्षक सत्येन्द्र प्रताप सिंह, ऑपरेटर अंकित सिंह, खेलसाय राजवाड़े, सतीश कुशवाहा, राजेश साहू व श्रम मित्र राबेन्द्र तथा प्रवीन गुप्ता उपस्थित थे

# ग्राम पंचायत मोहरसोप में दिनदहाड़े गांव में निकला बहरादेव नामक हाथी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में पहले से ही 23 हाथियों का दल विचरण कर रहे थे कि आज लगभग शाम 3-00 बजे अचानक बाहर आते ही बहरादेव नामक हाथी गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जंगल से गांव में आ गया जहां ग्रामीण काफी डरे हुए हैं ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहारपुर क्षेत्र में पिछले 1 महीने से 23 जंगली हाथी पहले से डेरा डाले हुए हैं वहीं लगभग 10 दिनों से





दल से बिछड़ कर अचानक एक बहरादेव नामक का हाथी जंगल से निकलकर मोहरसोप गांव के गौठान के पास आ गया जहां ग्रामीण एकजुट होकर शोर करते हुऐ उसे गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान जंगल की ओर भगा दिया है लेकिन ग्रामीणों को डर बना हुआ है कहीं रात में आकर उनके घर फसल को क्षति ना कर दे वही मोहरसोप के ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान का जंगल गांव से सटा हुआ है जिससे आए दिन हाथियों का आना जाना लगा रहता है लेकिन उद्यान विभाग की ओर से गांव में कोई मुनिया दी और सूचना नहीं दी जाती है और वही विभाग के अधिकारी कर्मचारी हमेशा क्षेत्र से नदारद रहते हैं वही वन परीक्षेत्र बिहारपुर के 1 कर्मचारियों द्वारा लगातार जंगली हाथियों का निगरानी की जाती है और जिस ग्रामीणों का क्षति हुआ रहता है उस ग्रामीणों का गांव गांव जाकर अवलोकन कर छतिपूर्ति बनाया जा रहा है